



# न्यूज़ लेटर
## उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो

**सितम्बर-2021**

**अन्दर के पृष्ठों पर........**

- उपलब्धियाँ
- सराहनीय कार्य
- आगामी गतिविधियाँ
- कल्याणकारी कार्य

आदेश, गोष्ठी एवं भ्रमण

तकनीकी स्तम्भ

विविध

## स्वतंत्रता दिवस-2021 कार्यक्रम

- दिनांक 15.08.2020 : 75वें स्वाधीनता दिवस पर श्री सुनील कुमार गुप्ता, अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उत्तर प्रदेश द्वारा उत्तर पुलिस रेडियो मुख्यालय पर प्रातः 0800 बजे भारतीय राष्ट्रीय ध्वज ''तिरंगा'' फहराया गया। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश द्वारा पुलिस रेडियो कार्मिकों को स्वीकृत किये गये विभिन्न पदकों एवं कमेण्डेशन डिस्क का वितरण किया गया।

अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उत्तर प्रदेश ने अपने सारगर्भित सम्बोधन में सभी कार्मिकों को देश के 75वें स्वतंन्त्रता दिवस पर बधाई दी। श्री गुप्ता ने इस अवसर पर ब्रिटिश शासन से आजादी हासिल करने में अपना सर्वस्व बलिदान कर देने वाले वीर सपूतों का स्मरण, वन्दन एवं नमन किया तथा भारतीय आजादी की लड़ाई को विश्व में एक मिसाल बताया। श्री गुप्ता ने ''आजादी का अमृत महोत्सव'' का उल्लेख किया तथा यह बताया कि राष्ट्रगान का सामूहिक गायन हमें राष्ट्र की एकता और अखण्डता का अहसास कराता है।



श्री गुप्ता ने देश के समक्ष आन्तरिक एवं बाहरी ताकतों द्वारा प्रस्तुत की जा रही चुनौतियों को देश की एकता एवं अखण्डता के समक्ष संकट खड़ा करने वाला बताया तथा देश को संगठित रखने में पुलिस बल की महती भूमिका का उल्लेख किया। साथ ही देश एवं व्यक्तिगत हित से जुड़े साइबर अपराधों के प्रति जागरुक रहने तथा देश की आन्तरिक नकारात्मक ताकतों द्वारा भारतीय संविधान द्वारा प्रदत्त 'अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता' का दुरुपयोग करने व इससे हमें प्रभावित न होकर निरन्तर सकारात्मक कार्य करते रहने पर बल दिया। श्री गुप्ता ने सौंपे गये कार्यों को पूर्ण मनोयोग से करने व समाज के वंचित वर्ग की मदद करने हेतु प्रेरित किया।

श्री गुप्ता ने मा0 प्रधान मंत्री, भारत सरकार द्वारा 'मेक इन इण्डिया' एवं 'डिज़ीटल इण्डिया' जैसे अभियानों को गति देने, 'लोकल के लिये वोकल', इत्यादि स्लोगन्स द्वारा, देश के प्रत्येक नागरिक से 'आत्मनिर्भर भारत' के लिये, योगदान तथा उ0प्र0 सरकार द्वारा 'स्वच्छ प्रशासन', 'जन आकांक्षाओं की पूर्ति', 'सबका साथ, सबका विकास एवं सबका विश्वास' तथा 'आत्मनिर्भर भारत बनाने' की अवधारणा को अंगीकृत करते हुए प्रदेश के सर्वांगीण तकनीकी विकास हेतु संचालित परियोजनाओं/नीतियों आदि का उल्लेख कर, जन कल्याण योजनाओं के प्रति समाज के वंचित वर्ग को जागरुक करने में मदद का आवाहन किया। श्री गुप्ता ने विश्वव्यापी कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु रेडियो मुख्यालय पर सम्पादित ट्रेसिंग, टेस्टिंग एवं टीकाकरण का उल्लेख करते हुए सभी से अधिकतम सावधानी बरतने व अपने परिवार के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने का आवाहन किया। श्री गुप्ता ने पदक विजेताओं को बधाई दी। कार्यक्रम में कोरोना गाइडलाइन्स का पालन किया गया।

# स्वतन्त्रता दिवस-2021 पर पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश द्वारा स्वीकृत पदक प्राप्त करने वाले कार्मिक

## उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह



श्री वेद प्रकाश वर्मा, रेडियो निरीक्षक



श्री वीर प्रताप चौधरी, रेडियो उपनिरीक्षक

## सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह



श्री शाहनवाज हुसैन, रेडियो निरीक्षक



श्री मेराजुल हसन, रेडियो उपनिरीक्षक



श्री प्रदीप कुमार अवस्थी, रेडियो उपनिरीक्षक



श्री बाल मुकुन्द शुक्ल, रेडियो उपनिरीक्षक



श्री निरंजन सिंह, रेडियो उपनिरीक्षक



श्री सुनील कुमार, रेडियो उपनिरीक्षक

## प्लेटिनम प्रशंसा चिन्ह



श्री अतुल कुमार गुप्ता, रेडियो उपनिरीक्षक



श्री इन्द्र गोपाल सिंह, रेडियो उपनिरीक्षक

## गोल्ड प्रशंसा चिन्ह



श्री बृज भूषण सिंह, रेडियो उपनिरीक्षक



श्री देवेन्द्र कुमार सिंह, रेडियो उपनिरीक्षक



श्री दिनेश नारायण त्रिपाठी, रेडियो उपनिरीक्षक

## सिल्वर प्रशंसा चिन्ह



श्री राज किशोर सिंह, रेडियो उपनिरीक्षक



श्री बालेन्दु उपाध्याय, रेडियो उपनिरीक्षक



श्री रामेश्वर वर्मा, रेडियो उपनिरीक्षक



श्री ज्वाला प्रसाद गुप्ता, रेडियो उपनिरीक्षक



श्री अरूण कुमार श्रीवास्तव, रेडियो उपनिरीक्षक



श्री रमेश चन्द्र, मुख्य आरक्षी चालक

## स्वतन्त्रता दिवस-2021 पर भारत सरकार द्वारा स्वीकृत अति उत्कृष्ट/उत्कृष्ट सेवा पदक

| पदनाम | नाम |
|---|---|
| अति उत्कृष्ट सेवा पदक | |
| फतेह बहादुर सिंह | रेडियो निरीक्षक |
| बृजभूषण सिंह | रेडियो उपनिरीक्षक |
| मेराजुल हसन | रेडियो उपनिरीक्षक |
| रूप सिंह | रेडियो उपनिरीक्षक |
| उत्कृष्ट सेवा पदक | |
| नोमान अहमद | प्रधान परिचालक |
| राम मिलन | प्रधान परिचालक |
| कपिलेश्वर यादव | प्रधान परिचालक |
| गगन गोस्वामी | प्रधान परिचालक |
| अरूण कुमार | प्रधान परिचालक |
| राजेन्द्र प्रसाद | प्रधान परिचालक |
| चन्द्र देव तिवारी | प्रधान परिचालक |
| सुधीर कुमार आर्य | प्रधान परिचालक |
| संजय कुमार पाण्डेय | प्रधान परिचालक |
| बाबू सिंह | प्रधान परिचालक |
| अशोक कुमार | प्रधान परिचालक |
| बलवीर सिंह तोमर | प्रधान परिचालक |
| प्रमोद कुमार सिन्हा | प्रधान परिचालक |
| बृजेश कुमार शर्मा | प्रधान परिचालक |
| पवन सिंह तोमर | प्रधान परिचालक |
| अजयपाल सिंह | प्रधान परिचालक |
| उदयभानु यादव | प्रधान परिचालक |
| प्रकाश चन्द्र यादव | प्रधान परिचालक |
| रावेन्द्र प्रताप सिंह | प्रधान परिचालक |
| राम किशोर गौड | प्रधान परिचालक |
| धरनीधर दुबे | प्रधान परिचालक |
| अरूण कुमार पाठक | प्रधान परिचालक |
| बैजनाथ त्रिपाठी | प्रधान परिचालक |
| मृत्युंजय कुमार चौबे | प्रधान परिचालक |
| रनवीर सिंह | प्रधान परिचालक |
| देवमणि त्रिपाठी | प्रधान परिचालक |
| श्याम सुन्दर गुप्ता | प्रधान परिचालक |
| कुंज बिहारी | प्रधान परिचालक |
| संजय त्रिपाठी | प्रधान परिचालक |
| अरविन्द कुमार दुबे | प्रधान परिचालक |
| विनोद कुमार गुप्ता | प्रधान परिचालक |

## सराहनीय कार्य

- निम्न भ्रमण कार्यक्रमों के दौरान निर्विघ्न संचार व्यवस्था स्थापित की गयी–

| दिनांक | जनपद |
|---|---|
| मा0 राष्ट्रपति, भारत गणराज्य | |
| 29.08.2021 | अयोध्या |
| 28.08.2021 | गोरखपुर |
| 27.08.2021 | लखनऊ/सीतापुर |
| 26.08.2021 | लखनऊ/कानपुर |
| मा0 गृहमंत्री, भारत सरकार | |
| 23.08.2021 | आगरा |
| 08.08.2021 | आगरा |
| 01.08.2021 | वाराणसी |
| मा0 रक्षामंत्री, भारत सरकार | |
| 31.08.2021 | लखनऊ |
| मा0 राज्यपाल, उत्तर प्रदेश | |
| 29.08.2021 | अयोध्या |
| 18.08.2021 | सीतापुर |
| मा0 मुख्य मंत्री, उत्तर प्रदेश | |
| 30.08.2021 | फिरोज़ाबाद, मथुरा |
| 29.08.2021 | अयोध्या |
| 28.08.2021 | गोरखपुर |
| 27.08.2021 | गोरखपुर |
| 24.08.2021 | गोरखपुर, अमरोहा |
| 23.08.2021 | आगरा |
| 14.08.2021 | गोरखपुर |
| 13.08.2021 | गोरखपुर, गाजीपुर |
| 10.08.2021 | हमीरपुर, महोबा |
| 07.08.2021 | वाराणसी |
| 05.08.2021 | गोरखपुर |
| 04.08.2021 | गोरखपुर |
| 01.08.2021 | वाराणसी |
| मा0 मुख्य मंत्री, मध्य प्रदेश | |
| 30.08.2021 | आगरा |
| 23.08.2021 | आगरा |

- दनांक 20.08.2021: प्रयागराज में छिक्की रिलायंस टावर के पास दीवार गिरने से 02 व्यक्तियों के दबे होने की सूचना प्राप्त होने पर ड्यूटीरत प्रधान परिचालक 5949, मीनू मिश्रा द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए पीआरवी, थाने की फोर्स एवं रेस्क्यू टीम को घटनास्थल पर भेजकर दबे दोनों व्यक्तियों को जीवित निकलवाया गया।
- दिनांक 16.08.2021: प्रयागराज में ट्रैफिक ग्रिड पर समय 0831 बजे, एक ट्रक के शेरवानी मोड़ पर एक व्यक्ति का एक्सीडेण्ट कर करबला की ओर भागने की सूचना प्राप्त होने पर ड्यूटीरत प्रधान परिचालक 5949, मीनू मिश्रा एवं प्रधान परिचालक 4144, प्रदीप नारायण सिंह द्वारा तत्परता से कार्यवाही कराकर उक्त ट्रक को पकड़वाया गया।
- दिनांक 13.08.2021: डीसीआर, हमीरपुर में समय 1050 बजे हमीरपुर कुरारा रोड पर खड़े पराग दूध वाहन संख्या: यूपी72एटी 9082 में चालक कमलेश सिंह के बेहोश पड़े होने की सूचना प्राप्त होने पर ड्यूटीरत प्रधान परिचालक 4336, समरजीत द्वारा त्वरित कार्यवाही कराते हुए चालक को पीआरवी की सहायता से अस्पताल में उपचार कराकर चालक की जान बचा ली गयी।

## मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0/पुलिस मुख्यालय, उ0प्र0 के आदेश/निर्देश

- मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के कार्यालय ज्ञाप संख्या: डीजी:तीन–निर्देश/ 2021 दिनांक 31.07.2021 द्वारा पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 को, नाम से पत्र प्रेषित किये जाने पर अंग्रेजी एवं हिन्दी में महोदय का नाम, अंग्रेजी में– SHRI MUKUL GOEL एवं हिन्दी में– श्री मुकुल गोयल प्रयोग किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।
- पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश द्वारा समस्त विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष, पुलिस विभाग, उ0प्र0 के माध्यम से 75वें स्वतन्त्रता दिवस के पुनीत अवसर पर प्रदेश के समस्त पुलिस कार्मिकों को हार्दिक शुभकामनायें प्रेषित की गयीं हैं।
- मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के पत्रांक: डीजी–दस–वि0प्र0–रिट–178/2021/2186 दिनांक 18.08.2021 द्वारा मा0 उच्च न्यायालय, लखनऊ खण्डपीठ, लखनऊ द्वारा सिविल मिस रिव्यू एप्लीकेशन संख्या: 4/2021(State of U.P. through Principal Secretary, Medical Health & others Vs Khusnoor Khan & others) में दिये गये निर्णय दिनांक 17.02.2021 के क्रम में प्रमुख सचिव व विधि परामर्शी, उ0प्र0 शासन द्वारा निर्गत निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने हेतु सर्वसम्बन्धित को निर्देशित किया गया है।
- उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय, लखनऊ के पत्र संख्या: 3/क–46/2020 दिनांक 12.08.2021 द्वारा पुलिस महानिरीक्षक, पीएसी कार्यालय, मुरादाबाद अनुभाग के कार्यालय को जनपद बरेली में स्थापित करने एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक, पीएसी मुरादाबाद अनुभाग का नाम संशोधित कर "बरेली अनुभाग" किये जाने के सम्बन्ध में अपर पुलिस महानिदेशक, पीएसी, पीएसी मुख्यालय, उ0प्र0, लखनऊ को निर्देशित करते हुए अन्य को सूचित किया गया है।

## कल्याणकारी कार्य

- पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र स्थित होम्योपैथिक चिकित्सालय में अगस्त–2021 में 200 कार्मिकों का उपचार किया गया। चिकित्सक से आवश्यक परामर्श द्वारा दूरभाष भी प्रदान कराया गया।

## सेवानिवृत्ति

- उ0प्र0 पुलिस रेडियो से अगस्त–2021 में सेवानिवृत्त (अधिवर्षता आयु पूर्ण कर/ऐच्छिक) हुए निम्न 09 कार्मिकों को ससम्मान विदाई दी गयी–

1. रेडियो निरीक्षक, श्री राकेश चन्द्र वर्मा, बाँदा, 2. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री मकबूल आलम अन्सारी, कानपुर नगर, 3. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री परम हंस पाठक, मऊ, 4. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री अमर सिंह, प्रयागराज, 5. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री मुकेश कुमार शर्मा, बाराबंकी, 6. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री अम्बरीश सिंह, 8वीं वाहिनी पीएसी, बरेली, 7. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री नवीन चन्द्र पाण्डेय, रेडियो मुख्यालय, लखनऊ, 8. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री आदित्य प्रताप सिंह, लखनऊ, एवं 9. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री जानकी प्रसाद मिश्र, बलरामपुर।

## कोविड-19 सम्बन्धित कार्यवाहियॉं

- कोविड–19 संक्रमण से बचाव के उपाय: पुलिस रेडियो कॉलोनी, महानगर, लखनऊ में बाहरी व्यक्तियों का प्रवेश नियंत्रित है। कॉलोनी के गेट पर ड्यूटी लगायी गयी है। मुख्यालय/कॉलोनी के प्रवेश द्वारों पर प्रवेशकर्ताओं की डिस्टेंट थर्मल स्केनिंग करायी जा रही है। मुख्यालय पर जनपदों से सेट जमा/एकत्र/मरम्मत हेतु आने वाले वाहनों के सेनेटाइज़ेशन व चालकों की थर्मल स्केनिंग करायी जा रही है।

## प्रशिक्षण

- पुलिस रेडियो कार्मिकों के व्यवसायिक ज्ञान एवं व्यवहारिक दक्षता में अभिवृद्धि तथा राजकीय कार्य में गुणवत्तापूर्ण योगदान हेतु, उ0प्र0 पुलिस रेडियो मुख्यालय से द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कार्यशालायें, सप्ताह में 04 कार्य दिवसों में, प्रत्येक दिवस पर समय 1500 बजे से 1630 बजे तक दिनांक 07.12.2020 से आयोजित करायी जा रही हैं। दिनांक 07.07.2021 से 04 नये विषयों पर कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है।

## श्रद्धांजलि



- माह अगस्त–2021 में पुलिस रेडियो मुख्यालय, लखनऊ स्थित कर्मशाला में नियुक्त सहायक परिचालक 4889 श्री अरविन्द कुमार सिंह का दिनांक 02.08.2021 को असामयिक निधन हो गया है।

उ0प्र0 पुलिस रेडियो के समस्त कार्मिक श्री सिंह के असामयिक निधन पर अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हुए इनके परिवारीजन को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने का संबल प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना करते हैं।

## उ0प्र0 पुलिस रेडियो मुख्यालय पर कोविड-19 वैक्सीनेशन कैम्प

- दिनांक 02.08.2021: कोविड–19 महामारी से बचाव हेतु उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो कॉलोनी, महानगर, लखनऊ में आवासित परिवारों के 18 वर्ष से 44 वर्ष एवं 45 वर्ष से अधिक आयु के परिजनों के लिये कोविड टीकाकरण हेतु टीकाकरण कैम्प उ0प्र0 पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी/नोडल अधिकारी, कोविड वैक्सीनेशन, लखनऊ के सौजन्य से आयोजित किया गया जिसमें 145 परिजनों को "कोवैक्सीन वैक्सीन" के टीके लगाये गये।





59 परिजनों को टीके की प्रथम डोज़ व 86 परिजनों को टीके की द्वितीय डोज़ लगायी गयी। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा कोविड–19 संक्रमण के आरटी–पीसीआर परीक्षण एवं टीकाकरण का कार्य किया।

## पुलिस रेडियो मुख्यालय पर श्री कृष्ण जन्माष्टमी समारोह

- उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो के प्रशिक्षण केन्द्र में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व 30 अगस्त 2021 को पारम्परिक हर्षोल्लास एवं अत्यंत सादगीपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में पुलिस रेडियो अधिकारियों/कर्मचारियों ने उत्साह से भाग लिया। कोविड–19 संक्रमण के दृष्टिगत संक्षिप्त पूजा–हवन कार्यक्रम के उपरान्त श्री कृष्ण जन्म कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया।





झाँकी दर्शन के लिये श्री के0एन0डी0 द्विवेदी, सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक तथा स्थानीय जनसामान्य श्रद्धापूर्वक उपस्थित हुए और झाँकी को मनोहारी बताया। कोविड–19 संक्रमण की संवेदनशीलता के परिपेक्ष्य में शासन के निर्देशों का पालन किया गया।

## अपने प्रदेश एवं अधिष्ठान के बारे में जानें

### उत्तर प्रदेश की रचना में सन् 1775 से 1848 तक हुए परिवर्तन के कारण

| | |
|---|---|
| 1775 | नवाब वजीर आसफुद्दौला तथा ईस्ट इण्डिया कम्पनी के बीच संधि। (बनारस, जौनपुर, गाजीपुर, बलिया व मिर्जापुर (दक्षिणी भाग को छोड़कर)) |
| 1802 | नवाब वजीर सादात अली खाँ तथा ईस्ट इण्डिया कम्पनी के बीच संधि। (गोरखपुर, आजमगढ़, बस्ती, देवरिया, बिजनौर, मुरादाबाद, बदायूँ, बरेली, शाहजहाँपुर, पीलीभीत, मिर्जापुर का दक्षिणी भाग, इलाहाबाद (तहसील हंडिया को छोड़कर), फतेहपुर, कानपुर, इटावा, मैनपुरी, एटा व फर्रुखाबाद क्षेत्र के सम्बन्ध में संधि।) |
| 1803 | ईस्ट इण्डिया कम्पनी तथा दौलतराव सिन्धिया के बीच संधि। (मथुरा, अलीगढ़, बुलन्दशहर, मेरठ, मुज़फ्फरनगर, सहारनपुर व आगरा जिले के अधिकांश भाग हेतु संधि।) |
| 1803 | पेशवा बाजीराव द्वितीय तथा ईस्ट इण्डिया कम्पनी के बीच संधि (बाँदा व हमीरपुर हेतु संधि।) |
| 1805 | भरतपुर के महाराजा विश्वेन्द्र रणजीत सिंह तथा ईस्ट इण्डिया कम्पनी के बीच संधि। (आगरा जिले के शेष भाग हेतु संधि।) |
| 1815 | गोरखों तथा ईस्ट इण्डिया कम्पनी के बीच संधि। (देहरादून, नैनीताल, अल्मोड़ा, गढ़वाल, पिथौरागढ़, चमोली व उत्तरकाशी के सम्बन्ध में संधि।) |
| 1816 | नवाब वज़ीर गाज़ीउद्दीन हैदर द्वारा इलाहाबाद (तहसील हण्डिया) दिया गया। |
| 1840 | उत्तराधिकारी न होने के कारण जालौन जब्त। |
| 1844 | महाराजा जयाजीराव सिन्धिया तथा ईस्ट इण्डिया कम्पनी के बीचसंधि। (ललितपुर क्षेत्र के सम्बन्ध में संधि।) |
| 1853 | उत्तराधिकारी न होने के कारण झाँसी जब्त। |
| 1856 | अवध (लखनऊ, उन्नाव, रायबरेली, सीतापुर, हरदोई, लखीमपुर, खीरी, फैजाबाद, गोंडा, बहराइच, सुल्तानपुर, प्रतापगढ़ वबाराबंकी) अंग्रेज़ी राज्य में मिला लिया गया। |
| 1949 | स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद रामपुर,टेहरी गढ़वाल तथा बनारस राज्य भारत में मिला दिये गये। |

### अंग्रेज़ी शासन काल से प्रदेश के विभिन्न नाम

| | |
|---|---|
| 1775–1834 | यह भाग बंगाल प्रेसीडेन्सी के अधीन था। |
| 1834 | यह भाग बंगाल प्रेसीडेन्सी से अलग कर एक गवर्नर के अधीन रखा गया। इसका मुख्यालय आगरा किया गया और नाम "आगरा प्रेसीडेन्सी" कर दिया गया। |
| 1836 | यह प्रान्त लेफ़्टीनेंट गवर्नर के अधीन किया गया और नाम "नॉर्थ वेस्टर्न प्राविन्सेज़" रखा गया। इसका मुख्यालय आगरा से बदलकर इलाहाबाद किया गया। |
| 1856 | अवध अंग्रेज़ी राज्य में मिला लिया गया और चीफ़ कमिश्नर के अधीन रखा गया। |
| 1877 | अवध के जिले नॉर्थ वेस्टर्न प्राविन्सेज़ में मिला दिये गये और इसका नाम बदलकर "नॉर्थ वेस्टर्न प्राविन्सेज़ एण्ड अवध" रखा गया। |
| 1902 | इस प्रान्त का नाम "यूनाइटेड प्राविन्सेज़ ऑफ आगरा एण्ड अवध" रखा गया। |
| 1937 | इसका नाम "यूनाइटेड प्राविन्सेज़" रखा गया। |
| 1950 | इस प्रान्त का नाम "उत्तर प्रदेश" रखा गया। |

"भारतीय स्वतंत्रता के 75वें वर्ष को हर्ष व गर्व पूर्वक मनाने तथा उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो के संगठनात्मक क्रमिक विकास व थाती से परिचित कराने हेतु शोध एवं अध्ययन के उपरान्त एक लेख श्रृंखला प्रस्तुत की जा रही है। यदि इस सम्बन्ध में किसी अधिकारी/कर्मचारी के पास कोई जानकारी साझा करने योग्य हो तो वह सीधे मुझे भेज सकते हैं।"

–सत्य प्रकाश सिह, उपमहानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) एमसीआर

लेखन, सम्पादन एवं डिज़ाइन– श्री सत्य प्रकाश सिंह, उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) एमसीआर
डिज़ाइन सहयोग–श्री अजय कुमार सोनकर, प्रधान परिचालक।